मीडिया समन्वयक कार्यालय

जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति 28 अप्रैल 2018

## जेएमआई कोचिंग अकादमी से प्रशिक्षित 43 उम्मीदवार 2017 की लोक सेवाओं के लिए चयनित

जामिया मिल्लिया इस्लामिया की रेज़िडेन्शियल कोचिंग अकादमी :आरसीएः में प्रशिक्षण पाने वालों में से 43 उम्मीदवार इस बार साल 2017 की यूपीएससी की लोक सेवाओं के लिए चयनित हुए हैं। लोक सेवाओं के नतीजे 27 अप्रैल को घोषित हुए हैं। इन कामयाब 43 उम्मीदवारों में से आठ के आईएएस, एक आईएफएस, नौ आईपीएस और बाक़ी राजस्व, कस्टम, रेलवे आदि संबद्ध सेवाओं के लिए चुने जाने की संभावना है। इनमें से 27 को आरसीए में प्रशिक्षण दिया गया और बाकी को ओरिएंटेशन क्लास और इंटरव्यू प्रोग्राम के तहत तैयार किया गया।

इस 43 सफल उम्मीदवारों में 15 लड़कियां हैं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जानजातियों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं को लोक सेवाओं की परीक्षाओं का मुफ्त प्रशिक्षण देने के लिए साल 2010 में यूजीसी ने जेएमआई में आरसीए का गठन किया था।

जेएमआई के वाइस चांसलर प्रो तलत अहमद ने लोस सेवाओं के प्रशिक्षण में जामिया मिल्लिया के साल दर साल शानदार प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व और संतोष की बात है। उन्होंने कहा कि इन छात्रों को जिन भी क्षेत्रों की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, वे जेएमआई की राष्ट्रवादी भावना के तहत देश की सेवा करेंगे।

आरसीए के मानद निदेशक डा एम एफ फारूक़ी ने छात्रों की अपने अपने क्षेत्रों में सफलता की कामना की और कहा कि आकदमी के ईमानदारी, सादगी और कार्य कुशलता जैसे मूल्यों को वे आगे बढ़ाएंगे। अकादमी के उप निदेशक डा मुहम्मद

तारीक़ ने बताया कि छात्रों ने पूरे साल बहुत लगन से मेहनत की जिसका उन्हें तोहफा भी मिला।

जेएमआई के आरसीए से अब तक 140 छात्र लोक सेवाओं के लिए और 200 से अधिक अन्य केन्द्रीय एवं प्रांतीय सेवाओं के लिए चुने जा चुके हैं।

इस अकादमी का अखिल भारतीय चरित्र है जिसमें देश के हर क्षेत्र से छात्रों का चयन करके उन्हें प्रशिक्षित किया जाता है। यह अपने आप में राष्ट्रीय एकता को प्रोत्साहित करता है। प्रशिक्षण पाने वालों में विभन्न अल्पसंख्यक वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति के अलावा सामान्य श्रेणी के छात्र भी शामिल होते हैं।

आरसीए की सफलता को देखते हुए इसमें प्रशिक्षण पाने वाले आवेकदकों की तादाद लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले साल 125 सीटों के लिए देश भर से 7000 छात्रों ने आवेदन किया था।

आरसीए की 125 सीट के लिए कड़ी परीक्षा ली जाती है। देश भर में परीक्षा के दिल्ली, जम्मू, श्रीनगर, जयपुर, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलूर, चेन्नई, कोलकाता, गुवाहाटी, लखनउ और पटना में कुल 12 हैं।

**प्रोफेसर साइमा सईद**

**मीडिया कोऑर्डनैटर**